पूरक टिप्पणी

विभाग द्वारा कंसल्टेंसी फर्म मैसर्स पी0 डी0 कोर लिमिटेड को खो–नागोरियान क्षेत्र वार्ड नम्बर 49 एवं 50 (जयपुर नगर निगम का क्षेत्र) मे पेयजल योजना का प्रस्ताव एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का कार्य नियमानुसार आवंटित किया गया । कंसल्टेंसी फर्म द्वारा क्षेत्र का विस्तृत सर्वे , आगामी वर्षो मे होने वाली जन सख्ंया मे वृद्वि तथा पेयजल आदि के मांग का अनुमान तैयार करते हुये पेयजल योजना का प्रारूप प्रस्ताव तैयार किया गया तथा फर्म द्वारा सुझाये हुये स्थानो पर राजकीय/ सुविधा क्षेत्र भूमि का चयन जलयोजना हेतु कराया जाता है। इस प्रकार Draft DPR मे चिन्हित किये गये सुविधा क्षेत्र/राजकीय भुपटटी मे भू आवंटन हेतु आवेदन किया गया । वर्तमान मे जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एक स्थान पर भू आवंटन जारी कर तथा दो स्थानों पर एक हजार वर्गमीटर से अधिक की भूमि की मांग होने के कारण प्रस्ताव नगरीय विकास विभाग को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। एक अन्य स्थान पर चिन्हित भूमि जा कि वन क्षेत्र के अर्न्तगत ज्ञात हुयी है। उक्त भूमि पर जलाशय निर्माण की अनुमति बाबत वन विभाग के साथ कार्यवाही की जा रही है। कंसल्टेंसी फर्म को कार्यदेश की शर्तो के अनुरूप ही भुगतान किया जा रहा है।

अधिशाषी अभियन्ता
परियोजना खण्ड प्रथम (दक्षिण)
जन स्वा0 अभि0 विभाग
जयपुर

Scanned by CamScanner